गतिविधि 11. *नीचे दी गई वर्ग पहेली में कुछ बर्तनों के नाम हैं, अभिभावक उन्हें खोजें और छाँटकर लिखने में बच्चों की मदद करें।*

प	ती	ला	चा	कू
छी	ल	नी	कैं	ची
ढ	क	क	न	बे
सि	ल	ब	ट्टा	ल
ला	ल	टे	न	न

....

....

....

....

....

गतिविधि 12. *अभिभावक नीचे दी गई कहानी 'सहेली' को पढ़कर बच्चों को सुनायें और प्रश्नों को मौखिक रूप से पूछें तथा बच्चों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी करें।*

उमा रीता की सहेली है। उसकी उम्र सात साल है। उमा पके आम लेकर आई। एक आम हरा है।

प्रश्न–1 उमा क्या लेकर आई ?..

प्रश्न–2 क्या तारा उमा की सहेली है ?...

प्रश्न–3 क्या एक आम हरा है ?..

गतिविधि 13. *बच्चे बिन्दु जोड़–जोड़ कर चित्र को पूरा करें तथा उसमे रंग भी भरें।*



वर्कशीट निर्माणकर्ता।

1- अंजना खत्री
2- सुरेश चन्द्र
3- दिनेश बधानी
4- अनुसूया प्रसाद
5- विनोद बैंजवाल
6- जगदीश नेगी

ब्लाक–कर्णप्रयाग,थराली,गैरसैण, चमोली

तकनीकी सहयोग
–रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट

शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

Room to Read

कक्षा– 1, वर्क शीट–7 (साप्ताहिक)

पाठ– 7 (रसोई घर)

बच्चे का नाम.........................	स्कूल..
अभिभावक का नाम..................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. *अभिभावकों के लिए– आप नीचे दिए गये चित्रों पर बच्चों के साथ खूब बातचीत करें। जैसे– चित्र में क्या–क्या दिखाई दे रहा है? घर के कमरों के बारे में बात करें? आपके घर में कितने कमरे हैं? ये कमरे किस–किस काम के लिए उपयोग किये जाते हैं? आपके घर में जहां खाना बनाते हैं वहाँ क्या–क्या सामान होता है? और वहाँ क्या–क्या बनाते हैं? आपको खाने में क्या पसंद है? कब–कब हमारे रसोई घर में विशेष पकवान बनते हैं? आप के घर में रसोई घर में कौन–कौन काम करते हैं? अगर आपको रसोई घर में खाना बनाने को दिया जाए तो आप क्या बनाना पसंद करेंगे?*



गतिविधि 2. *ऊपर दिए गए चित्रों को देखते हुए आप बच्चों से चित्रों पर चर्चा करने का प्रयास करें कि रसोईघर में आपको क्या–क्या दिखाई दे रहा हैं, उनका नाम लिखने का प्रयास करें।*

1...

2...

गतिविधि 3. *अभिभावक बच्चों से 'स' तथा 'ए' आवाजों से शुरू होने वाले चित्रों की पहचान करायें और शुरू होने होने वाले चित्रों के नीचे दिए गए खाली बॉक्स में सही का निशान लगायें ।*

 

गतिविधि 4. *अभिभावक बच्चों के साथ नीचे दी गई कविता रसोई घर को लयबद्धता के साथ पढ़ें और बच्चों को भी लयबद्धता के साथ पढ़ने को कहें तथा कविता में आए रसोईघर में प्रयोग होने वाली वस्तुओं पर भरपूर चर्चा का अवसर दें।*



7. रसोईघर

आज रसोईघर की खिड़की,
मुन्ना-मुन्नी खोल रहे हैं।
अंदर देखा, चकला-बेलन,
चाकू-छलनी बोल रहे हैं।

मैं चाकू, सब्ज़ी-फल काटूँ,
टुकड़ा-टुकड़ा सबको बाँटूँ।
गाजर-मूली प्याज़-टमाटर,
छीलो काटो रखो सजाकर।

गोल चाँद-सी हूँ मैं थाली,
बज सकती हूँ बनकर ताली।
मुझमें रोटी-सब्ज़ी डाली,
और सभी ने झटपट खाली।

गतिविधि 5. *अभिभावक बच्चों को सही क्रम से 'स' तथा 'ए' वर्ण लिखायें।*

स	स	स		
ए	ए	ए		

गतिविधि 6. *अभिभावक बच्चों को नीचे दिए गये वर्णों को मिलाकर शब्द बनायें, खाली बाक्स में लिखें, और शब्दों को पढ़ने में बच्चों की मदद करें।*

क + स + र → ____

ए + क → ____

आ + स + न → ____

गतिविधि 7. *अभिभावक बच्चों को निम्न प्रश्नों का उत्तर मौखिक रूप से देने के लिए प्रोत्साहित करें।*

प्रश्न–1 – कविता में कौन–कौन से चित्र हैं उनका नाम बताओ ?

———————————————————————————

प्रश्न–2 – रसोईघर में कौन–कौन से खाद्य सामग्री होती हैं उनका नाम बताओ ?

———————————————————————————

गतिविधि 8. *अभिभावक बच्चों के साथ नीचे दिए गए शब्दों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें तथा निम्न शब्दों में से मिलते–जुलते शब्दों को मिलायें।*

काटूँ	गोल
खोल	कमाकर
थाली	बांटूँ
टमाटर	बन्दर
अन्दर	डाली

गतिविधि 9. *नीचे कविता की कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं,जो अधूरी हैं, उन्हें सही विकल्प का चयन कर पूरा करें।*

1– आज रसोईघर की खिड़की मुन्ना – मुन्नी ————————————। ***(बोल रहे हैं /खोल रहे हैं)***

2– गोल चाँद – सी हूँ मैं थाली, बज सकती हूँ ————————————। ***(बनकर ताली / बनकर थाली)***

गतिविधि 10. *अभिभावक नीचे दिए गए चित्रों पर बच्चों के साथ बातचीत करें तथा उनके उपयोग के बारे में दो–तीन बातें लिखने का प्रयास करें।*

  

....

....